Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to take steps to modernise Ambala Cantt Railway Station.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र में अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूं । उसे वर्ल्ड क्लॉस रेलवे स्टेशन बनाए जाने हेतु, जब माननीय प्रधानमंत्री जी वर्ष 2015 में फ्रांस गए थे, तब फ्रांस की सरकार के साथ एक समझौता हुआ था । उसके बाद वर्ष 2016 में फ्रांस की एक टीम अंबाला आई थी और उसमें दो दिन के वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया था । जो भी स्टेकहोल्डर्स हैं, उनके साथ मीटिंग की गई थी ।

महोदय, अगर अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन विश्व स्तर की सुविधाओं से पूर्ण होता है, तो यह चार-पांच राज्यों के लिए एक ऐसा रेलवे स्टेशन का स्रोत बन सकता है, जिससे रेलवे की उत्कृष्ट सेवाओं के साथ-साथ इस क्षेत्र के विकास और आवागमन के साधनों की सुगमता का लाभ देश के आम जनमानस को प्रदान होगा ।